पत्र सूचना शाखा,

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित हुआ स्वल्पाहार कार्यक्रम

लखनऊः 15 अगस्त, 2019

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज राजभवन में स्वल्पाहार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित महानुभावों से भेंट कर स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। राज्यपाल ने इस अवसर पर उपस्थित स्वतंत्रता सेनानी श्री दाऊजी गुप्त, श्री मो0 साबिर व अन्य का अंगवस्त्र व श्रीफल देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधान सभा अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित, मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री श्री आशुतोष टण्डन, राज्यमंत्री डाॅ0 महेन्द्र सिंह, राज्यमंत्री श्री सुरेश पासी, राज्यमंत्री श्री मोहसिन रज़ा, महापौर डाॅ0 संयुक्ता भाटिया, पूर्व मंत्री डाॅ0 अम्मार रिज़वी, मुख्य सचिव डाॅ0 अनूप चन्द्र पाण्डेय, पुलिस महानिदेशक श्री ओ0पी0 सिंह, मुख्य सूचना आयुक्त श्री जावेद उस्मानी, कुलपतिगण एवं विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष, प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में विशिष्टजन उपस्थित थे।

इससे पूर्व आज प्रातः राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झण्डारोहण किया। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा उनके परिजन भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने ध्वजारोहण समारोह में उपस्थित बच्चों को मिष्ठान भी वितरित किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (23/16)

शुभकामनाएँ
YEARS OF
CELEBRATIONG
THE MAHATMA

की शुभकामनाएँ
YEARS OF
CELEBRATIONG
THE MAHATMA

YEARS OF
CELEBRATIONG
THE MAHATMA
स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ